रजिस्ट्री सं० डी० (डी० एन०)-127

REGISTERED NO. D (D.N.) 127

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

## असाधारण
## EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

**PART II—Section 3—Sub-section (i)**

प्राधिकार से प्रकाशित

**PUBLISHED BY AUTHORITY**

सं० 556] नई दिल्ली, बुधवार, दिसम्बर 26, 1990/पौष 5, 1912

**No. 556] NEW DELHI, WEDNESDAY, DECEMBER 26, 1990/PAUSA 5, 1912**

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर, 1990

सा.का.नि. 996 (अ).—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधीन आकाशवाणी के सिविल निर्माण खण्ड में मुख्य प्राक्कलक के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ : (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम आकाशवाणी (मुख्य प्राक्कलक) भर्ती नियम, 1990 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान : उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वह होगा जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से स्तम्भ 4 में विनिर्दिष्ट है।

3. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा अर्हताएं, आदि : उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से स्तम्भ 14 में विनिर्दिष्ट है।

4. निरर्हता : वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है।

5. शिथिल करने की शक्ति : जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह, उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबन्ध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6 व्यावृत्ति : इस नियम की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

| पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतनमान | चयन पद अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा | सेवा में जोड़े हुए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| मुख्य प्राक्कलक | 4* (1990)<br>*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "ख" राजपत्रित अननुसचिवीय | 2000-60-2300-द.रो.-75-3200 रु. | चयन | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो |
|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 |
| लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | दो वर्ष |

| भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता | प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा |
|---|---|
| 11 | 12 |
| प्रोन्नति | प्रोन्नति<br>(1600-2660 रु.) वेतनमान के ऐसे नक्शानवीस, जिन्होंने उस श्रेणी में चार वर्ष नियमित सेवा की है। |

| यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|
| 13 | 14 |
| प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति :<br>1. प्रमुख इंजीनियर —अध्यक्ष<br>2. मुख्य इंजीनियर (सिविल) —सदस्य<br>3. निदेशक (प्रशासन और वित्त) —सदस्य | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है। |

[संख्या ए-12018/4/89-सी. डब्ल्यू 1/बी(डी)]

एम. दामोदरन, संयुक्त सचिव

## MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

## NOTIFICATION

New Delhi, the 10th December, 1990

G.S.R. 996(E).—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby make the following rules regulating the method of recruitment to the post of Chief Estimator in the Civil Construction Wing of All India Radio under the Ministry of Information and Broadcasting, namely :—

1. Short Title and commencement.—(1) These rules may be called the All India Radio (Chief Estimator)Recruitment Rules 1990.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of post, classification and scale of pay—The number of said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in column 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of Recruitment, age-limit, qualifications etc.—The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be at specified in columns 5 to 14 of the said Schedule.

4. Disqualification—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who havin a spouse living has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government, may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving—Nothing in these rules shall effect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

## SCHEDULE

| Name of post | No. of post | Classification | Scale of pay | Whether selection post or non-selection post | Age limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Chief Estimator | 4*(1990)<br>*Subject to variation dependent on work-load. | General Central Services Group 'B' Gazetted non-ministerial | Rs. 2000-60-2300-EB-75-3200. | Selection | Not applicable. |

| Whether benefit of added years of Service admissible under rule 30 of the C.C.S. (Pension) Rules, 1971 | Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any |
|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 10 |
| Not applicable. | Not applicable. | Not applicable. | 2years. |

| Method of recruitment whether by direct rectt. or by promotion or by deputation/transfer and percentage of the va-cancies to be filled by various methods | In case rectt. by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made | If a DPC exists, what is its composition | Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making recruitment. |
|---|---|---|---|
| 11 | 12 | 13 | 14 |
| Promotion | Promotion : Draughtsman Grade I (Civil) in the pay scale of (Rs. 1600-2600) with 4 years regular service in the grade. | Group 'B' DPC for considering Promotion ·<br>1. Engineer-in-Chief —Chairman<br>2. Chief Engineer(Civil) —Member.<br>3. Director (Administration and Finance)--Member. | Consultation with the UPSC not necessary. |

[No. A-12018/4/89-C.W.1/B(D)]

M. DAMODARAN, Jt. Secy.

Printed by the Manager, Govt. of India Press, King Road, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054, 1991